শৰ্মা হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in | हिंदी दैनिक | गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 12 | अंक : 279 | गुवाहाटी | शनिवार, 16 मई, 2026 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

सुप्रीम कोर्ट में वर्चुअल सुनवाई स्टाफ के लिए वर्क फ्रॉम होम — पेज 2
जुलाई में आयोजित होगा असम विधानसभा का बजट सत्र — पेज 3
पंजाब के किसानों ने किया चंडीगढ़ कूच पुलिस ने वाटर कैनन व लाठीचार्ज से रोका — पेज 5
फीफा विश्व कप 2030 तक ब्राजील टीम के कोच बने रहेंगे कार्लो एंसेलोटी — पेज 7

## तीन रुपए प्रति लीटर महंगा हुआ पेट्रोल-डीजल

### खड़गे ने मोदी सरकार को घेरा



**नई दिल्ली ( हि.स )।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमत में 3-3 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। सीएनजी के दाम भी दो रुपए प्रति किलोग्राम बढ़ाए गए हैं। नई दरें आज से लागू हो गई हैं। करीब चार साल बाद पेट्रोल-डीजल की कीमत में इजाफा किया गया है। दिल्ली में अब पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपए से बढ़कर 97.77 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 87.67 रुपए से बढ़कर 90.67 रुपए प्रति लीटर हो गई है। कोलकाता, मुंबई और चेन्नई जैसे महानगरों में भी ईंधन की कीमतों में उछाल आया है। कोलकाता में पेट्रोल 3.29 रुपए बढ़कर अब 108.74 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में पेट्रोल 3.14 रुपए बढ़कर 106.68 रुपए प्रति लीटर में मिल रहा है। दक्षिण भारत के बड़े शहर चेन्नई में पेट्रोल के दामो में 2.83 रुपए का उछाल आया है और नई कीमत 103.67 रुपए प्रति लीटर हो गई है। कोलकाता में डीजल की कीमत में 3.11 रुपए का इजाफा हुआ है। वहां एक लीटर डीजल 95.13 रुपए में मिल रहा है। मुंबई में भी डीजल 3.11 रुपए महंगा होकर 93.14 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया है। चेन्नई में डीजल की कीमत में 2.86 रुपए का इजाफा किया गया है। वहां डीजल अब 95.25 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है। दिल्ली के प्रीत विहार स्थित भारत पेट्रोलियम के पंप पर एक ग्राहक ने इस पर कहा कि हम इसके बारे में क्या कर सकते हैं? ये सभी चीजें दूसरे देशों से आती हैं। इनका उत्पादन यहां नहीं होता। इसलिए सरकार जो भी कदम उठा रही है, वह देश के हित में है। पेट्रोल-डीजल की कीमत बढ़ने पर विपक्ष हमलावर है। कांग्रेस ने एक्स पर लिखा कि महंगाई मैन ने जनता पर हंटर चलाया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा कि आगे बढ़ना है, तो साइकिल ही विकल्प है। विशेषज्ञों का कहना है कि पेट्रोल-डीजल और सीएनजी की कीमत में यह बढ़ोतरी कच्चे तेल की बढ़ती वैश्विक कीमतों के कारण ईंधन बेचने वाली कंपनियों को लगातार हो रहे नुकसान के बीच की गई है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत लगभग 106 डॉलर प्रति -शेष पृष्ठ दो पर

### मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की गारंटी

## चुनावी घोषणापत्र का हर वादा करेंगे पूरा



**नगांव।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को घोषणा की कि असम विधानसभा का बजट सत्र जुलाई में आयोजित किया जाएगा, जिसके दौरान अगले पांच वर्षों में राज्य के विकास के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार किया जाएगा। लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री का पदभार संभालने के बाद बटद्रवा की अपनी यात्रा के दौरान बोलते हुए, शर्मा ने कहा कि सरकार आगामी बजट में जनता के सुझावों और आकांक्षाओं को शामिल करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन असम की जनता के प्रति जवाबदेह है और उनकी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक बटद्रवा थान में भी पूजा-अर्चना की, जो वैष्णव संत और समाज सुधारक श्रीमंत शंकरदेव का जन्मस्थान है। भक्तों और सत्र प्रबंधन के सदस्यों के साथ बातचीत के दौरान, शर्मा ने पूरे राज्य में अतिक्रमण का शिकार हुए सत्रों की सुरक्षा और जीर्णोद्धार के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि सत्र आयोग अतिक्रमित सत्र भूमियों को वापस पाने के अपने प्रयास जारी रखेगा, और यह आश्वासन दिया कि इस मामले के संबंध -शेष पृष्ठ दो पर

## भारत में एक भी गरीब व्यक्ति मिट्टी के घर में नहीं रहेगा : शिवराज

**मुंबई ( हि.स. )।** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सातारा जिले में शुक्रवार को कहा कि भारत में एक भी गरीब व्यक्ति मिट्टी के घर में नहीं रहेगा। सभी के लिए पक्के घर प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सातारा जिले के सैनिक ग्राउंड में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। शिवराज ने कहा कि प्रधानमंत्री के सुझाव के अनुसार महाराष्ट्र को एक साल में 30 लाख घरों का लक्ष्य दिया गया था। देश के किसी अन्य राज्य को ऐसा लक्ष्य नहीं दिया गया है। केवल महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने इतनी बड़ी संख्या में लक्ष्य हासिल किया। उन्होंने इस सभी क्रांतिकारी काम के लिए उन्हें बधाई दी, चाहे वह हर घर को सोलर एनर्जी पर लाना और जीरो बिजली बिल लाना हो, या रिकॉर्ड कम समय में पांच लाख घर पूरे करना हो, भूमिहीनों को 1 लाख रुपए की सहायता देना हो, और विश्वास व्यक्त किया कि बाकी घर भी जल्द से जल्द पूरे हो जाएंगे। -शेष पृष्ठ दो पर

## आईएमडी ने 21 तक असम में भारी बारिश और गरज के साथ तूफान की चेतावनी जारी की



**गुवाहाटी।** असम में अगले कई दिनों तक भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 21 मई तक कई जिलों में गरज, बिजली और तेज हवाओं के लिए अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि इस अवधि के दौरान पूर्वोत्तर के कई हिस्सों में बिजली गिरने और 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं के साथ गरज के साथ बारिश हो सकती है। नवीनतम आईएमडी बुलेटिन के अनुसार, शुक्रवार को दक्षिण असम में बहुत भारी बारिश होने की संभावना है, जबकि 15 से 21 मई की अवधि के दौरान पूरे असम और मेघालय में भारी बारिश जारी रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अपनी सलाह में कहा है कि भारी बारिश के कारण निचले इलाकों में जलभराव, यातायात में बाधा और संवेदनशील पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन हो सकता है। निवासियों को सतर्क रहने -शेष पृष्ठ दो पर

door graph — Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## भारत-यूएई के बीच सात विषयों पर सहमति पांच अरब डॉलर के निवेश की घोषणा



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूएई यात्रा के दौरान 7 अहम विषयों पर सहमति बनी है। दोनों देशों के बीच सामरिक रक्षा साझेदारी के ढांचे पर समझौता हुआ। ऊर्जा क्षेत्र में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार तथा तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) आपूर्ति से जुड़े समझौतों पर सहमति बनी। गुजरात के वाडिनार में शिप रिपेयर क्लस्टर स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा भारतीय अवसंरचना क्षेत्र, आरबीएल बैंक और सम्मान कैपिटल में 5 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की घोषणा की गई। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत और यूएई के बीच रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार तथा अबूधाबी नेशनल ऑयल कंपनी से जुड़े समझौते का उद्देश्य भारत की ऊर्जा सुरक्षा को -शेष पृष्ठ दो पर

### मध्य प्रदेश हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

## धार की ऐतिहासिक भोजशाला को माना वाग्देवी मंदिर



**इंदौर ( हि.स. )।** मध्य प्रदेश के धार जिला मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक भोजशाला के धार्मिक स्वरूप को लेकर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को अपना फैसला सुना दिया। उच्च न्यायालय ने भोजशाला को वाग्देवी मंदिर माना है। अदालत ने अपने फैसले में कहा है कि भोजशाला परिसर मंदिर ही है। मस्जिद पक्ष यदि सरकार को आवेदन देता है तो उसे अलग जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। मप्र उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी की युगलपीठ ने अपने फैसले में कहा कि हमने पुरातात्विक और ऐतिहासिक तथ्यों, एएसआई की सर्वे रिपोर्ट पर विचार किया है। एएसआई एक्ट के प्रावधानों के साथ-साथ अयोध्या मामले को भी आधार माना। अदालत ने कहा कि केंद्र सरकार और एएसआई यह फैसला लें कि भोजशाला मंदिर का मैनेजमेंट कैसा रहेगा। 1958 एक्ट के तहत इस प्रॉपर्टी का पूरा मैनेजमेंट एएसआई के हाथ में ही रहेगा। पीठ ने कहा कि ऐतिहासिक और संरक्षित जगह देवी सरस्वती का मंदिर है। भोजशाला मामले में हिंदू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने बताया कि उच्च न्यायालय ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए 7 अप्रैल, 2003 के एएसआई के आदेश को आंशिक रूप से रद्द कर दिया है। इसके अलावा, न्यायालय ने हिंदू पक्ष को पूजा-अर्चना का -शेष पृष्ठ दो पर

### सुप्रभात

*विपत्ति हीरे की धुल है, जिससे परामात्मा अपने रत्नों को चमकाता है।*

**- लेटन**

### न्यूज गैलरी

#### श्यामकानु की जमानत याचिका पर सुनवाई टली

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** चर्चित गायक जुबीन गर्ग से जुड़े बहुचर्चित हत्याकांड के मुख्य आरोपित श्यामकानु महंत की जमानत याचिका पर शुक्रवार को गौहाटी उच्च न्यायालय में सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। न्यायमूर्ति मिताली ठाकुरिया की पीठ में मामले की सुनवाई हुई। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 22 मई की तारीख निर्धारित की है। -शेष पृष्ठ दो पर

#### नीट की परीक्षा 21 जून को होगी दोबारा

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने केंद्र सरकार की स्वीकृति के बाद नीट (यूजी) 2026 की 21 जून को दोबारा परीक्षा आयोजित करने की घोषणा की है। एजेंसी ने सोशल मीडिया पर परीक्षार्थियों और अभिभावकों से अपील की है कि वे केवल एनटीए के आधिकारिक माध्यमों पर जारी सूचनाओं पर ही भरोसा करें। एजेंसी ने किसी भी जानकारी या सहायता के लिए -शेष पृष्ठ दो पर

## आरजी कर कांड में ममता बनर्जी की भूमिका की भी होगी जांच : सीएम



**कोलकाता ( हि.स. )।** पश्चिम बंगाल में आरजी कर मेडिकल कॉलेज की महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या मामले में अब पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की भूमिका की भी जांच होगी। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को नवान्न में इसकी घोषणा करते हुए इस मामले में तीन आईपीएस अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। वहीं, पीड़िता की मां व पानीहाटी से भाजपा विधायक ने मुख्यमंत्री के इस फैसले का स्वागत किया है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि आरजी कर कांड की फाइल दोबारा खोली जा रही है और उस समय जिम्मेदारी संभाल रहे अधिकारियों की भूमिका -शेष पृष्ठ दो पर

## मणिपुर हिंसा : बंधक बनाए गए 38 में से 31 लोग रिहा, कई इलाकों में तनाव बरकरार



**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी और सेनापति जिलों में सशस्त्र समूहों द्वारा बंधक बनाए गए कुकी और नगा समुदाय के 38 लोगों में से 31 को शुक्रवार को रिहा कर दिया गया। इन लोगों को आतंकियों द्वारा कांगपोकपी में चर्च के तीन नेताओं की हत्या और चार अन्य को घायल करने के बाद अज्ञात स्थानों पर ले जाया गया था, जबकि नोंई जिले में नागरिक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि सशस्त्र आतंकियों द्वारा बंधक बनाई गई कंसाखुल गांव की 12 नगा महिलाओं को मखान गांव में रिहा किया गया। सेनापति जिले में बंधक बनाए गए चार पुरुष और दस कुकी महिलाओं को गुरुवार रात सुरक्षा बलों को सौंप दिया गया। -शेष पृष्ठ दो पर

## नीट पेपर लीक का मास्टमाइंड महाराष्ट्र से गिरफ्तार

### प्रश्नपत्र तैयार करने वाली कमेटी में था शामिल



**नई दिल्ली।** सीबीआई ने नीट पेपर लीक का सरगना पीवी कुलकर्णी को गिरफ्तार कर लिया है। कुलकर्णी महाराष्ट्र के लातूर के एक कालेज में रसायन विज्ञान का लेक्चरर था और चार पहले सेवानिवृत होने के बाद नीट के प्रश्नपत्र तैयार करने वाली कमेटी में था। कमेटी के सदस्य होने के कारण अप्रैल के अंतिम सप्ताह में उसके हाथ में प्रश्नपत्र लग गया और उसके बाद पूणे की मनीषा -शेष पृष्ठ दो पर

## अमेरिका-चीन तीन साल के लिए रणनीतिक स्थिरता पर सहमत



**बीजिंग ( हि.स. )।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शुक्रवार को चीन का दौरा पूरा कर राजधानी बीजिंग से स्वदेश रवाना हो गए। उन्होंने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से दो दिनों तक बातचीत की जिसमें ईरान और ताइवान से लेकर व्यापार, तेल एवं बोइंग जैसे तमाम मुद्दे शामिल रहे। चीन के सरकारी मीडिया के अनुसार, शी ने कहा कि अमेरिका और चीन अगले तीन वर्ष के लिए *रणनीतिक स्थिरता* पर सहमत हुए हैं। ट्रंप ने बीजिंग के इस दौरे में दिए गए एक साक्षात्कार में कहा कि चीन, अमेरिकी तेल और सोयाबीन खरीदने पर सहमत हो गया है। उन्होंने दावा किया कि चीन ने बोइंग कंपनी से 200 बड़े वाणिज्यिक जेट विमान खरीदने पर सहमति जताई है। माना जा रहा है कि यह सौदा लगभग एक दशक में अमेरिका निर्मित विमानों की सबसे बड़ी खरीद हो सकती है। इसे दोनों देशों के बीच व्यापार तनाव कम करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। सीएनएन, सीबीएस न्यूज, सीएनबीसी, फॉक्स न्यूज और चीन की सरकारी न्यूज एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अपने दौरे के दौरान ट्रंप ने गुरुवार को रात्रिभोज में शी को 24 सितंबर को व्हाइट हाउस आने का न्योता दिया है। चीन ने इस बात की पुष्टि नहीं -शेष पृष्ठ दो पर

## कुछ युवा तिलचट्टों की तरह हैं, जो व्यवस्था पर हमला करते हैं : सीजेआई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ज्यूडिशियरी और लीगल सिस्टम पर बढ़ते और बेवजह हमलों पर कड़ी फटकार लगाई। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) सूर्यकांत ने कहा कि कुछ बेरोजगार युवा तिलचट्टों की तरह हैं, जिन्हें न तो रोजगार मिलता है और न ही पेशे में कोई स्थान। इनमें से कुछ मीडिया में जाते हैं, कुछ सोशल मीडिया में, कुछ आरटीआई कार्यकर्ता बनते हैं, कुछ अन्य कार्यकर्ता बनते हैं, और फिर वे हर किसी पर हमला करना शुरू कर देते हैं। यह टिप्पणी सीजेआई और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने एडवोकेट संजय दुबे की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए की, जिसमें सीनियर एडवोकेट के डेजिग्नेशन से जुड़ी सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस को लागू करने में दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा कथित देरी पर कंटेम्प्ट एक्शन की मांग की गई थी। बेंच ने अर्जी पर सुनवाई करने से मना कर दिया और पिटीशनर के बर्ताव पर कड़ी नाराजगी जताई। बेंच ने कहा कि सीनियर एडवोकेट का डेजिग्नेशन कोर्ट की तरफ से दिया गया एक सम्मान है, न कि लिटिगेशन -शेष पृष्ठ दो पर

CLASSIFIED

For all kinds of classified advertisements please contact

97070-14771
86382-00107

## क्रूड ऑयल के बढ़ते दाम का असर

# सुप्रीम कोर्ट में वर्चुअल सुनवाई स्टाफ के लिए वर्क फ्रॉम होम

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को जून और जुलाई में आंशिक कार्यदिवसों के दौरान सोमवार और शुक्रवार को अनिवार्य रूप से वर्चुअल सुनवाई का आदेश दिया, साथ ही पश्चिम एशिया में लंबे समय से चल रहे भू-राजनीतिक संकट से उत्पन्न ईंधन संरक्षण संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए अपने रजिस्ट्री कर्मचारियों में से 50 प्रतिशत तक को सप्ताह में दो बार घर से काम करने की अनुमति दी। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों ने ईंधन की खपत कम करने के लिए कारपूलिंग करने का भी निर्णय लिया है। शुक्रवार सुबह पूर्ण न्यायालय की बैठक के बाद भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत के निर्देश पर लिया गया यह कदम वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तीव्र वृद्धि और भारत की बढ़ती ऊर्जा संबंधी चिंताओं के मद्देनजर उठाया गया है। सर्वोच्च न्यायालय के महासचिव भरत पाराशर द्वारा शुक्रवार को जारी एक परिपत्र में कहा गया है कि विविध दिनों सोमवार, शुक्रवार या ऐसे अन्य दिनों जिन्हें विविध दिन घोषित किया गया है। सूचीबद्ध सभी मामलों के साथ-साथ न्यायालय के आंशिक कार्य दिवसों के दौरान सूचीबद्ध मामलों की सुनवाई केवल वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की जाएगी। परिपत्र में कहा गया है कि रजिस्ट्री को स्थिर वीडियो-कांफ्रेंसिंग सुविधाएं और समय पर तकनीकी सहायता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है, ताकि माननीय न्यायालय को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाया जा सके। परिपत्र में यह भी कहा गया है कि सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों ने ईंधन का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए आपस में कार-पूलिंग व्यवस्था को प्रोत्साहित करने का सर्वसम्मति से संकल्प लिया है। अदालत ने रजिस्ट्री की प्रत्येक शाखा या अनुभाग में 50 प्रतिशत तक कर्मचारियों को सप्ताह में दो दिन तक घर से काम करने की अनुमति दी है। रजिस्ट्रारों को अदालत प्रशासन के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करते हुए साप्ताहिक रोस्टर तैयार करने के लिए कहा गया है। परिपत्र में स्पष्ट किया गया है कि घर से काम करने की अनुमति प्राप्त कर्मचारियों को फोन पर उपलब्ध रहना होगा और आवश्यकता पड़ने पर कार्यालय में उपस्थित होने के लिए तैयार रहना होगा।

## ब्राह्मण समाज पर टिप्पणी से भड़का आक्रोश, करणी सेना ने फूंका पुतला

**मीरजापुर ( हिंस )।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी के कथित आपत्तिजनक बयान के विरोध में शुक्रवार को सवर्ण आर्मी करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय स्थित अस्पताल तिराहा पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व करणी सेना के जिला संयोजक सुशील कुमार पांडेय, जिलाध्यक्ष दिलीप गहरवार और मुकेश कुमार पांडेय ने किया। प्रदर्शनकारियों ने बयान की कड़ी निंदा करते हुए कार्रवाई की मांग उठाई। जिला संयोजक सुशील कुमार पांडेय ने कहा कि इस तरह की टिप्पणी से ब्राह्मण समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 24 घंटे के भीतर अखिलेश यादव सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते और सम्बंधित प्रवक्ता पर कार्रवाई नहीं होती, तो संगठन प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगा। वहीं जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार पांडेय ने कहा कि ब्राह्मण समाज का देश और समाज निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। ऐसे में किसी भी प्रकार की अभद्र टिप्पणी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि आगे जरूरत पड़ने पर सपा कार्यालय का घेराव भी किया जाएगा।

## विरोधियों को छोड़कर सबके लिए खुला है होर्मुज : ईरानी विदेशमंत्री

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शुक्रवार को कहा कि ईरान भी होर्मुज जलडमरुमध्य को पूरी तरह सुरक्षित और खुला रखना चाहता है। युद्धरत देशों के जहाजों को छोड़कर अधिकांश जहाजों के लिए यह मार्ग खुला भी है। हालांकि परिस्थितियों के कारण ईरानी सेना के साथ समन्वय जरूरी है। भारत के कई जहाजों को भी ईरान ने सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराया है। ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए नई दिल्ली आए ईरान के विदेश मंत्री अराघची ने शुक्रवार को यहां पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य के संबंध में हमारी भी यही इच्छा है कि इसे पूरी तरह से फिर से खोल दिया जाए। जहां तक हमारा सवाल है, हॉर्मुज जलडमरूमध्य खुला हुआ है या नहीं। सभी जहाज वहां से गुजर सकते हैं- सिवाय उन देशों के जहाजों के जो हमारे साथ युद्ध की स्थिति में हैं और हमारे विरुद्ध लड़ रहे हैं। जो जहाज वहां से गुजरना चाहते हैं, उन्हें जाहिर तौर पर हमारी सेना के साथ समन्वय स्थापित करना चाहिए क्योंकि वहां कुछ बाधाएं मौजूद हैं। ऐसे में हम उन्हें सुरक्षित मार्ग दिखाएंगे, जैसा कि हमने कई भारतीय जहाजों के साथ किया है। ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि फिलहाल संघर्ष विराम लागू है, हालांकि स्थिति नाजुक बनी हुई है। उनका कहना था कि ईरान किसी भी दबाव या सैन्य कार्रवाई के आगे नहीं झुकेगा। समस्या का समाधान केवल कूटनीति तथा *विन-विन* समझौते से ही संभव है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ ताकतें अमेरिका को फिर से युद्ध की ओर धकेलना चाहती हैं। अराघची ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ हुई बातचीत का जिक्र करते हुए कहा कि भारत और ईरान की चिंताएं तथा हित काफी हद तक समान हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देश प्राचीन सभ्यताएं हैं और आपसी सम्मान, व्यापार तथा रणनीतिक सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ईरान ने भारतीय मानवीय सहायता और समर्थन की भी सराहना की। अराघची ने चाहबहार पोर्ट को भारत-ईरान सहयोग का प्रतीक बताते हुए कहा कि अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण इसकी रफ्तार धीमी हुई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह बंदरगाह भारत के लिए मध्य एशिया, काकेशस और यूरोप तक पहुंच का महत्वपूर्ण मार्ग बनेगा और भारत इसके विकास में अपनी भूमिका जारी रखेगा। अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार नहीं चाहता था और 2015 के परमाणु समझौते के जरिए उसने यह साबित भी किया। उन्होंने दोहराया कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण है। साथ ही उन्होंने कहा कि अमेरिका पर भरोसा करना मुश्किल है क्योंकि वार्ता के दौरान ही अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमला किया तथा लगातार विरोधाभासी संदेश दिए।

## मौत को गले लगाने से पहले तिनसुकिया के युवक ने गाया *लग जा गले* गीत

**तिनसुकिया।** मृत्यु एक अटल सत्य है लेकिन क्या कोई मुस्कुराते हुए और संगीत के साथ इसका स्वागत कर सकता है? सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक भावुक वीडियो ने इस सवाल का जवाब *हां* में दिया है। यह कहानी है असम के तिनसुकिया के रहने वाले 17 वर्षीय ऋषभ दत्ता की जिन्होंने अपनी जिंदगी के आखिरी पलों में डरने के बजाय सुरों का सहारा लिया। इंटरनेट पर फिर से चर्चा में आए इस वीडियो में ऋषभ अस्पताल के बिस्तर पर बैठे नजर आ रहे हैं। उनके हाथों में गिटार है और आसपास डॉक्टर व नर्सों की टीम खड़ी है। ऋषभ बेहद सुरीली आवाज में लता मंगेशकर का अमर गीत *लग जा गले...* गा रहे हैं। वीडियो में उनकी आवाज की मिठास और चेहरे का सुकून यह अहसास नहीं होने देता कि वे मौत के कितने करीब थे। ऋषभ लंबे समय से एप्लास्टिक एनीमिया नाम की एक दुर्लभ और जानलेवा बीमारी से जूझ रहे थे। यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर में नई रक्त कोशिकाओं का निर्माण बंद हो जाता है। उनके माता-पिता ने उन्हें बचाने की हर संभव कोशिश की लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। 17 साल की छोटी सी उम्र में ऋषभ ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

## बांग्लादेश सीमा पर बाड़बंदी के लिए बीएसएफ को जमीन सौंपने की रणनीति तैयार

**कोलकाता ( हि.स. )।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने बांग्लादेश सीमा पर लंबित बाड़बंदी कार्य को तेज करने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को जमीन सौंपने की तीन-स्तरीय रणनीति तैयार की है। राज्य सचिवालय सूत्रों के अनुसार, सरकार ने इस पूरी प्रक्रिया को 45 दिनों के भीतर पूरा करने का लक्ष्य तय किया है। सूत्रों के मुताबिक, रणनीति के पहले चरण में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के उन हिस्सों के पास उपलब्ध सरकारी जमीन तत्काल बीएसएफ को सौंपी जाएगी, जहां अब तक बाड़बंदी नहीं हुई है। इससे कंटीले तार लगाने का पहला चरण तुरंत शुरू किया जा सकेगा। दूसरे चरण में सीमा से सटे निजी भूखंडों का अधिग्रहण किया जाएगा। इसके लिए जमीन मालिकों को मौजूदा बाजार मूल्य से अधिक मुआवजा देने की योजना बनाई गई है। जमीन अधिग्रहण के बाद उसे बीएसएफ को सौंपा जाएगा, ताकि बाड़बंदी का दूसरा चरण शुरू हो सके। तीसरे चरण में सीमा क्षेत्र की अतिक्रमित जमीन को खाली कराया जाएगा। सरकार इन जमीनों को अपने कब्जे में लेकर बीएसएफ को हस्तांतरित करेगी, जिससे पूरी प्रक्रिया पूरी हो सकेगी। सूत्रों का कहना है कि पहले चरण की प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है और प्रत्येक चरण के लिए अलग-अलग समयसीमा निर्धारित की गई है। सरकार का दावा है कि मंत्रिमंडल के निर्णय के 45 दिनों के भीतर पूरा अभियान समाप्त कर लिया जाएगा। राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती को इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**GENERAL NOTICE**

This is for general information to all concerned that Jeep Safari for the visitors in Kaziranga National Park & Tiger Reserve will remain closed from 25th May, 2026 onward due to inclement weather and field conditions.

Divisional Forest Officer
Eastern Assam Wildlife Division
Bokakhat.

-- DIPR /D/ VBS-15/16-May-26

NO.B/BKD/MHL/AMMC/E- Auction/Notice/677 Date15/05/2026

**E-AUCTION NOTICE**

Under the provision of rules 32,33,34,35,36 & 37 of the Assam Minor Mineral Concession Rule,2013, bids are invited online by the undersigned from Registered companies/ firms/societies/individuals etc. for the award of contract for the following Minor Minerals Concession Areas (Mahals).

2. BKD/13 BARNADI SAND MAHAL No-14.

Details of e- auction will be available www.btcforest.in portal shortly.

Sd/- Divisional Forest Officer,
Baksa Forest Division Mushalpur

IPR(BTC)/C/2026-27/181

# पृष्ठ एक का शेष

### तीन रुपए प्रति...

बैरल है। उधर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पांच राज्यों में चुनाव के बाद पेट्रोल, डीजल और एलपीजी के दामों में वृद्धि को लेकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को घेरा। खड़गे ने जनता की जेब पर बढ़ते बोझ को लेकर चिंता व्यक्त की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से वर्क फ्रॉम होम और तेल बचाने की नसीहत पर खड़गे ने एक्स पोस्ट में लिखा कि ये संकट मोदी सरकार द्वारा निर्मित संकट है। मोदी सरकार में दूरदर्शी सोच का अभाव है, इसे जनता को समझना चाहिए। इसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। पेट्रोल, डीजल और एलपीजी के दामों में वृद्धि उद्योगों से लेकर घरेलू बजट और किसानों पर भी पड़ रहा है। खड़गे ने कहा कि चुनाव के दौरान सत्ता पक्ष को सब सामान्य नजर आता है लेकिन चुनाव खत्म होने के बाद सब जगह संकट फैल जाता है, मंहगाई चरम पर पहुंच जाती है।

### चुनावी घोषणापत्र का हर वादा...

में वे आयोग के साथ लगातार संपर्क में रहेंगे। भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को मिले भारी चुनावी जनादेश पर जोर देते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार 102 सीटों के समर्थन से बनी है; उन्होंने यह भी कहा कि इतने मजबूत जनादेश ने लोगों के प्रति सरकार की जिम्मेदारी भी बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि असम के लोगों को हमसे बहुत उम्मीदें और अपेक्षाएं हैं, और हम पूरी तरह से जिम्मेदारी के साथ उनकी सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि 102 सीटें जीतने के बाद जिम्मेदारी बढ़ेगी। इस बार हम पिछले पांच वर्षों की तुलना में अधिक मेहनत करेंगे ताकि असम का विकास हो सके। शर्मा ने बताया कि 2026 के चुनाव घोषणापत्र में पिछले घोषणापत्र की तुलना में व्यापक वादे शामिल हैं, जो कोविड-19 महामारी के बाद बदलती परिस्थितियों को दर्शाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जब मैंने 2021 में अपना चुनाव घोषणापत्र पेश किया था, तब कोविड महामारी हमारे सामने थी और हमारे वादे सीमित थे। इस बार हमने अपने चुनाव घोषणापत्र में अधिक काम करने का वादा किया है और मुझे विश्वास है कि हम अपने चुनाव घोषणापत्र में किए गए वादों को पूरा करने में सक्षम होंगे। भाजपा के 2026 के संकल्प पत्र में छठी अनुसूची और अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों को छोड़कर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने, 200,000 रोजगार सृजित करने, बाढ़ नियंत्रण में पर्याप्त निवेश करने, शैक्षणिक संस्थानों का विस्तार करने और राज्यव्यापी बुनियादी ढांचे के विकास जैसी प्रतिबद्धताएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि 12 मई को शपथ ग्रहण करने के बाद से उन्होंने बटाद्रवा थान जाने से पहले गुवाहाटी के बाहर किसी कार्यक्रम में भाग नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि जब मैं गुवाहाटी से बाहर जाऊंगा, तो बटाद्रवा थान जाऊंगा और गुरुजनों का आशीर्वाद लूंगा, और गुरुजनों द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर असम को आगे बढ़ाने का प्रयास करूंगा। उन्होंने श्रीमंत शंकरदेव के आदर्शों के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। शर्मा ने कहा कि महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव ने ऐसे असम की कल्पना की थी जहां विभिन्न समुदाय सद्भाव से रह सकें और एक ऐसा शांतिपूर्ण असम जो आध्यात्मिकता से परिपूर्ण हो। हमारी सरकार महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करते हुए कार्य करेगी।

### भारत में एक भी

महिला सशक्तिकरण की बात करते हुए, शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश में 3 करोड़ दीदी लखपति करोड़पति बन गई हैं, और अब 6 करोड़ दीदी लखपति का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में 1 करोड़ लाख बनाने का फैसला किया गया है, ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए विकसित भारत जी रामजी योजना 1 जुलाई से शुरू हो रही है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव आएगा। गांव का डेवलपमेंट प्लान गांव में ही बनेगा, उन्होंने यह भी भरोसा जताया कि ग्रामीण इलाकों के डेवलपमेंट की रफ़्तार बढ़ेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह ऐसे काम कर रहे हैं, जैसे गरीबों की सेवा कर रहे हों और भगवान की पूजा कर रहे हों। हम किसानों और खेती को बेहतर बनाने के लिए कमिटेड हैं। प्याज उगाने वालों के मुद्दे पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री से बातचीत हुई और वेस्ट एशिया और बांग्लादेश में संकट के कारण प्याज के दाम गिर गए हैं। प्याज उगाने वाले मुश्किल में हैं, उन्हें राहत देने के लिए नाफेड के जरिए 12.35 पैसे प्रति द्वद्द प्याज खरीदना शुरू कर दिया गया है। कपास, सोयाबीन, अरहर समेत कई फसलों की एमएसपी बढ़ाई गई है। उन्होंने यह भी कहा कि जल्द ही एक मीटिंग होगी और चीनी की एमएसपी को लेकर पॉजीटिव फैसला लिया जाएगा। केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि देश का पैसा और समय बचाने के लिए *वन नेशन, वन इलेक्शन* के सिद्धांत के अनुसार सभी राज्यों के लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कॉन्सेप्ट का सभी को सपोर्ट करना चाहिए। चौहान ने यह भी अपील की कि संकट के समय में सभी को एक देश के रूप में एक साथ खड़ा होना चाहिए और समय-समय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देनी चाहिए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र ने एक साल में 30 लाख घरों का टारगेट पूरा कर लिया है, जो अब तक देश में सबसे ज़्यादा है।

### आईएमडी ने 21 तक ...

और स्थानीय मौसम संबंधी अपडेट और आधिकारिक सलाहों का पालन करने के लिए कहा गया है। विभाग ने यह भी चेतावनी दी कि तेज हवाओं और बिजली गिरने से कमजोर संरचनाओं, खड़ी फसलों, पेड़ों और बिजली की लाइनों को नुकसान पहुंच सकता है। सलाह में कहा गया है कि लोगों को सलाह दी जाती है कि वे आंधी-तूफान के दौरान घर के अंदर रहें, पेड़ों के नीचे शरण लेने से बचें और बिजली गिरने के दौरान बिजली के उपकरणों को अनप्लग कर दें। आईएमडी ने आगे चेतावनी दी है कि तेज हवाओं और भारी बारिश के कारण कमजोर कच्चे मकानों और अस्थायी ढांचों को आंशिक नुकसान हो सकता है। पिछले 24 घंटों के दौरान, असम और मेघालय के कई क्षेत्रों में भारी बारिश दर्ज की गई, जबकि गुवाहाटी में तेज हवाएं चलीं। गुवाहाटी शहर में हवा की गति 46 किमी प्रति घंटे तक पहुंच गई, जबकि मानस और शिलांग जैसे क्षेत्रों में भी तेज हवा के झोंके देखे गए। अधिकारियों ने कहा कि जिला प्रशासन स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है, खासकर राज्य के बाढ़ और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में। मौसम विज्ञान विभाग ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे तेज बारिश और आंधी-तूफान के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें, क्योंकि अस्थायी जलभराव और कम दृश्यता शहरी क्षेत्रों में सड़क यातायात को प्रभावित कर सकती है। असम और मेघालय के अलावा, अरुणाचल प्रदेश के लिए भी शुक्रवार से 17 मई और फिर 20 और 21 मई के बीच भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। पूर्वानुमान अवधि के दौरान नागालैंड, मणिपुर और मिजोरम में भी भारी बारिश होने की संभावना है। पूर्वोत्तर के विस्तृत क्षेत्र में, आने वाले सप्ताह में मौसम की स्थिति अस्थिर रहने की संभावना है, जिसमें व्यापक वर्षा, गरज के साथ तूफान और तेज हवाएं चलेंगी क्योंकि इस क्षेत्र में मानसून से पहले की गतिविधियां तेज हो रही हैं।

### भारत-यूएई के बीच सात ...

मजबूत करना है। इससे भारत को कच्चे तेल और एलपीजी की स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित होगी। यह समझौता भविष्य में वैश्विक संकट या तेल कीमतों में उतार-चढ़ाव के दौरान भारत को राहत देने में मदद करेगा। एलपीजी आपूर्ति सहयोग समझौते के तहत यूएई भारत को दीर्घकालिक आधार पर तरलीकृत पेट्रोलियम गैस उपलब्ध कराएगा। इससे भारत की घरेलू गैस जरूरतों को पूरा करने में सहायता मिलेगी। यह समझौता ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने के साथ दोनों देशों की आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी को भी मजबूत करेगा। भारत और यूएई के बीच रणनीतिक रक्षा साझेदारी ढांचे का उद्देश्य रक्षा उद्योग सहयोग को बढ़ाना है। इसके तहत दोनों देश रक्षा तकनीक साझा करने और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे। इससे क्षेत्रीय सुरक्षा और दोनों देशों के सामरिक संबंध मजबूत होंगे। वाडिनार में शिप रिपेयर क्लस्टर स्थापित करने का समझौता भारत के समुद्री और औद्योगिक क्षेत्र को नई गति देगा। इससे जहाज मरम्मत उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और *मेक इन इंडिया* अभियान को मजबूती मिलेगी। इस परियोजना से स्थानीय स्तर पर रोजगार और निवेश के अवसर भी बढ़ेंगे। जहाज निर्माण और मरम्मत क्षेत्र में कौशल विकास सहयोग का उद्देश्य भारतीय युवाओं को आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण देना है। इससे भारत में शिपबिल्डिंग और शिप रिपेयर क्षेत्र के लिए कुशल मानव संसाधन तैयार होंगे। भारत में एआई सुपर कंप्यूटिंग क्लस्टर स्थापित करने के समझौते के तहत यूएई की तकनीकी कंपनी भारत में अत्याधुनिक डेटा सेंटर और सुपर कंप्यूटर क्षमता विकसित करेगी। इससे भारत के कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अनुसंधान और डिजिटल नवाचार मिशन को गति मिलेगी तथा तकनीकी क्षेत्र में नई संभावनाएं खुलेंगी। यूएई के भारत में 5 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की घोषणा भारतीय बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को बड़ा समर्थन देगी। यह निवेश सड़क, बंदरगाह, ऊर्जा और औद्योगिक क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देगा। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी और भारत की विकास गति को मजबूती मिलेगी।

### धार की ऐतिहासक भोजशाला ...

अधिकार प्रदान किया है और भोजशाला परिसर को राजा भोज की संपत्ति के रूप में मान्यता दी है। लंदन के एक संग्रहालय में रखी हमारी मूर्ति को वापस लाने की मांग के संबंध में न्यायालय ने सरकार को विचार करने का निर्देश दिया है। न्यायालय ने यह भी कहा है कि मुस्लिम पक्ष भी सरकार के समक्ष अपने विचार रखने के लिए स्वतंत्र है। इसके अतिरिक्त, न्यायालय ने सरकार से मुस्लिम पक्ष को वैकल्पिक भूमि आवंटित करने पर विचार करने को कहा है। न्यायालय ने हमें पूजा-अर्चना करने का अधिकार प्रदान किया है और सरकार को स्थल के प्रबंधन की निगरानी करने का निर्देश दिया है। एएसआई का पिछला आदेश, जिसमें नमाज अदा करने का अधिकार दिया गया था, पूरी तरह से रद्द कर दिया गया है, अब से वहां केवल हिंदू पूजा-अर्चना ही होगी। गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर भोजशाला मामले में मप्र उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी की युगलपीठ में छह अप्रैल से 12 मई 2026 तक नियमित सुनवाई हुई। इन 24 दिनों में कुल 43 घंटे चली सुनवाई के दौरान हिंदू और मुस्लिम पक्षों ने अपने-अपने तर्क न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए। इसके बाद 12 मई को न्यायालय ने सभी याचिकाओं में निर्णय सुरक्षित रख लिया था। शुक्रवार को न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया। इस दौरान अंतरसिंह की याचिका खारिज कर दी, जिसमें उन्होंने मांग की थी कि दोनों पक्षों में सौहार्द बना रहे, इस तरह की व्यवस्था का आदेश दिया जाए। उच्च न्यायालय के फैसले पर भोज उत्सव समिति के अध्यक्ष सुमित चौधरी ने खुशी जताते हुए इसे हिंदू समाज के वर्षों पुराने संघर्ष की जीत बताया। उन्होंने कहा कि 1935 में हिंदू भोज समिति की स्थापना करने वाले कार्यकर्ताओं ने इस मुद्दे के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। बड़ी संख्या में मौजूद हिंदू समाज ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए सभी पक्षकारों, अधिवक्ताओं और इस संघर्ष से जुड़े लोगों का आभार व्यक्त किया। संगठन के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह फैसला लंबे समय से चल रहे प्रयासों का परिणाम है और इसके लिए सभी सूत्रधारों को धन्यवाद दिया जाना चाहिए। भोजशाला के फैसले पर धार शहर काजी वकार सादिक ने कहा है कि उच्च न्यायालय के फैसले का सम्मान है। उनकी ओर से सलमान खुर्शीद और शोभा मेनन ने तथ्य रखे थे। हम फैसले की समीक्षा करेंगे। इसके बाद हम उच्चतम न्यायालय जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की रिपोर्ट की भी समीक्षा की जाएगी। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि अदालत ने रिपोर्ट के किन हिस्सों को स्वीकार किया है और किन्हें नहीं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि राम जन्मभूमि मामले में भी उच्चतम न्यायालय ने एएसआई रिपोर्ट को पूरी तरह आधार नहीं बनाया था।

### आरजी कर कांड में ...

की विभागीय जांच होगी। जिन अधिकारियों को सस्पेंड किया गया है उनमें तत्कालीन कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत गोयल, तत्कालीन डीसी नॉर्थ अभिषेक गुप्ता और तत्कालीन डीसी सेंट्रल इंदिरा मुखोपाध्याय शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह मंत्री का पद संभालने के बाद उन्होंने मुख्य सचिव और गृह सचिव से आरजी कर मामले तथा उसके बाद की परिस्थितियों को लेकर विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी। रिपोर्ट के आधार पर प्रारंभिक प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए यह फैसला लिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले को सही तरीके से हैंडल नहीं किया गया और प्राथमिकी दर्ज करने से लेकर शुरुआती जांच तक कई स्तर पर गंभीर चूक हुई। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि विभिन्न समाचार माध्यमों से यह जानकारी सामने आई थी कि पीड़िता की मां को राज्य सरकार की ओर से पैसे देने की कोशिश की गई थी। यह *एक प्रकार की घूस देने की कोशिश* थी और इसकी भी जांच की जाएगी। उस समय संबंधित अधिकारियों ने किन लोगों से बातचीत की, उनके कॉल रिकॉर्ड और व्हाट्सएप चैट की भी जांच होगी। यह भी देखा जाएगा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री या किसी मंत्री की ओर से कोई निर्देश दिया गया था या नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन अधिकारियों के खिलाफ आरोप हैं, उन्हें जांच प्रक्रिया से अलग रखकर निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाएगी।

### मणिपुर हिंसा : बंधक ...

डॉन बास्को के दो सेल्सियन भाइयों को भी अलग-अलग स्थानों पर सशस्त्र समूहों द्वारा रिहा किया गया। गुरुवार की शाम कुकी समुदाय की 18 वर्षीय किशोरी सहित तीन व्यक्तियों को सेनापति जिले में पुलिस टीमों को सौंपा गया। कांगपोकपी जिले में रिहा हुई एक महिला ने कहा कि हमें आंखों पर पट्टी और हाथ बांधकर ले जाया गया। हमें नहीं पता था कि हमें कहां ले जाया गया। मुझे ऐसा लगा कि हमें पहाड़ी क्षेत्रों में ले जाया गया। किसी ने हमारा उत्पीड़न नहीं किया। मणिपुर के गृह मंत्री गोविंदास कोन्थौजम ने कहा था कि सरकार इन लोगों की रिहाई के लिए नागरिक समाज समूहों व नेताओं से चर्चा कर रही है। मणिपुर सुरक्षा बलों ने थौबल जिले से प्रतिबंधित कांगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी) ताइबंगबा संगठन के एक सक्रिय कैडर को गिरफ्तार कर नोंई जिले में फायरिंग के बाद तलाशी अभियान शुरू किया। इसमें एक नागरिक की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मणिपुर पुलिस ने कहा कि नोंई जिले के खौपुम पुलिस स्टेशन के तहत जौजांगटेक और नुंगसाई-टू गांव के सीमा क्षेत्र में 13 मई को अज्ञात बंदूकधारियों की अंधाधुंध फायरिंग की। केंद्र ने 2023 मणिपुर हिंसा की जांच के लिए आयोग को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए छह महीने का और विस्तार दिया है, जो 20 नवंबर तक होगा। तीन सदस्यीय पैनल को मणिपुर में 4 जून, 2023 को जातीय हिंसा के बाद स्थापित किया गया था। जिसे अब सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बलबीर सिंह चौहान द्वारा संचालित किया जा रहा है। न्यायाधीश चौहान ने एक मार्च को कार्यभार संभाला।

### नीट पेपर लीक का...

बाघमारे के सहारे उसने उसे लीक कर दिया। तीन मई को हुई नीट परीक्षा को पेपर लीक की पुष्टि के बाद रद कर दिया गया और सीबीआई ने 12 मई को एफआईआर दर्ज कर इसकी जांच शुरू की। कुलकर्णी को मिलकर कुल आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सीबीआई के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार गुरुवार को मनीषा बाघमारे की गिरफ्तारी और उससे पूछताछ के बाद पीवी कुलकर्णी का नाम सामने आया था। पेपर लीक में शामिल आरोपितों से बातचीत और पैसे के लेन-देन के सबूत के बारे में संतोषजनक जानकारी नहीं दे पाने के बाद मनीषा बाघमारे को गिरफ्तार किया गया था। वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, मनीषा अपने घर पर छात्रों को नीट की तैयारी कराती थी। कुलकर्णी से पेपर मिलने के बाद मनीषा ने छात्रों के लिए विशेष क्लास बुलाई और उन्हें नीट के संभावित सवालों, उसके विकल्पों और सही जवाब के बारे में बताया। सीबीआई के अनुसार, क्लास में छात्रों के हाथ लिखे नोटबुक में लिखे सवाल हू-ब-हू वही थे, जो नीट की परीक्षा में पूछे गए थे। सीबीआई को आशंका है कि कुलकर्णी के साथ-साथ एनटीए में प्रश्नपत्र बनाने वाली कमेटी के अन्य सदस्य भी शामिल हो सकते हैं। राजस्थान में गेस पेपर की आड़ में बेचे गए लीक प्रश्नपत्र में जीव विज्ञान के प्रश्न पत्र भी हू-ब-हू मिले हैं। कुलकर्णी के हाथ जीव विज्ञान के प्रश्नपत्र कैसे हाथ लगे, सीबीआई इसका पता लगा रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पूरे मामले में एनटीए के किसी वरिष्ठ अधिकारी के शामिल होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सीबीआई प्रश्नपत्र बनाने से लेकर परीक्षा केंद्र तक पहुंचने की पूरी प्रणाली में शामिल डिजिटल उपकरणों की फारेंसिक जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में कुछ और बड़ी गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

### अमेरिका-चीन तीन साल ...

की है कि शी इस न्योते को स्वीकार करेंगे या नहीं। दोनों नेता नवंबर में शेन्जेन में होने वाली एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) बैठक और दिसंबर में फ्लोरिडा में होने वाली जी 20 बैठक के दौरान भी मिल सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक भी सितंबर की शुरुआत में न्यूयॉर्क में होनी तय है। इस यात्रा के दौरान ट्रंप ने शी के साथ व्यापार सौदों की तारीफ की है। राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने और जिनपिंग ने बीजिंग शिखर सम्मेलन के दौरान कुछ महत्वपूर्ण सौदे किए और अमेरिका-ईरान संघर्ष को खत्म करने की इच्छा साझा की। दोनों नेताओं ने शुक्रवार सुबह चीन की सत्ता के केंद्र झोंगनानहाई गार्डन परिसर में द्विपक्षीय बैठक की।

### कुछ युवा तिलचट्टों की...

के जरिए इसे आगे बढ़ाने की कोई चीज। बेंच ने पूछा, आप इसे आगे बढ़ा रहे हैं। क्या यह सही लगता है? साथ ही, यह सवाल भी किया कि क्या सीनियर डेजिग्नेशन सिर्फ एक स्टेटस सिंबल है जिसे सिर्फ दिखाने के लिए रखा जाए। जस्टिस बागची ने कहा कि क्या सीनियर एडवोकेट का टैग एक स्टेटस सिंबल है जिसे दिखाने के लिए रखा जाए या यह जस्टिस सिस्टम में आपके हिस्सा लेने के लिए है? सुनवाई के दौरान एक समय पर, बेंच ने पिटीशनर से कहा कि पूरी दुनिया सीनियर (एडवोकेट) बनने के लायक हो सकती है, लेकिन कम से कम आप तो इसके हकदार नहीं हैं। नाराज दिख रहे सीजेआई ने पिटीशनर द्वारा फेसबुक पर कथित तौर पर इस्तेमाल की गई भाषा का भी जिक्र किया और चेतावनी दी कि ऐसा बर्ताव लीगल प्रोफेशन के सदस्यों से उम्मीद किए जाने वाले अनुशासन के खिलाफ है। सीजेआई ने कहा कि लोगों को समझने दो कि आप फेसबुक पर किस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं।

### श्यामकानु की जमानत...

मामले की संवेदनशीलता और चर्चित स्वरूप के कारण इस पर लोगों की नजर बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 13 मई को न्यायमूर्ति पार्थिवज्योति सैकिया की एकल पीठ ने श्यामकानु महंत की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। वहीं, फास्ट ट्रैक कोर्ट ने भी 30 अप्रैल को आरोपपत्र पर विस्तृत सुनवाई के बाद उसकी जमानत अर्जी नामंजूर कर दी थी। सूत्रों के अनुसार, पूर्व में याचिका खारिज होने के बाद महंत के अधिवक्ताओं ने गौहाटी उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार कार्यालय में आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं पूरी कर नई याचिका दायर की थी। मामले के एक अन्य आरोपित सिद्धार्थ शर्मा की जमानत याचिका भी पहले ही खारिज की जा चुकी है। यह मामला अब भी पूरे असम में व्यापक चर्चा का विषय बना हुआ है।

### नीट की परीक्षा 21 ...

neet-ug@nta.ac.in ई-मेल तथा हेल्पलाइन नंबर 011-40759000 और 011-69227700 जारी किए गए हैं। इसी बीच कल देररात शिक्षामंत्री के आवास पर नीट परीक्षा को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी परीक्षा की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था और परीक्षा संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इस बैठक में सचिव (उच्च शिक्षा), सचिव (स्कूल शिक्षा), एनटीए के महानिदेशक, सीबीएसई अध्यक्ष, केंद्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय समिति के आयुक्त सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## असम के नगांव में जंगली हाथी के हमले में दो ग्रामीणों की मौत

**नगांव ( हिंस )।** राज्य में एक बार फिर से हाथी और इंसानों के बीच टकराव की स्थिति देखने को मिली है। हाथी के हमले में दो ग्रामीणों की मौत हो गयी। इस घटना को लेकर पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर वन विभाग की टीम पहुंचकर हाथियों को जंगल में खदेड़ने की कार्रवाई शुरू कर चुकी है। इलाके में हाथी की मौजूदगी के चलते क्षेत्र के स्कूलों को आज बंद रखने का निर्णय लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, नगांव जिला के सामागुरी के बाजियागांव में शुक्रवार तड़के यह घटना घटी। मृतकों की पहचान बाजियागांव निवासी शरीफुल इस्लाम और प्रणव दास के रूप में की गई है। बताया गया है कि इस्लाम की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दास की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। ग्रामीणों के अनुसार, इस्लाम और दास अपनी सब्जी की खेती की रखवाली करने के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान खेत में हाथी को देख दोनों उसे खदेड़ने में जुट गये। इंसानों को देख हाथी ने पलटवार कर दिया। दोनों अपनी जान बचाने के लिए भागने की कोशिश की, लेकिन दोनों हाथी की चपेट में आ गये। जिसके चलते इस्लाम की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दास की अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही इस मामले को लेकर पुलिस विभाग आगे की कार्रवाई में जुटी गई है। वहीं, इस घटना को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन जंगली हाथी गांव में पहुंचकर खेती को नुकसान करने के साथ ही घरों को भी नुकसान पहुंचाते हैं। वन विभाग इस समस्या से छुटकारा दिलाने में लगातार विफल हो रहा है।

# जुलाई में आयोजित होगा असम विधानसभा का बजट सत्र



**नगांव ( हिंस )।** दूसरी बार मुख्यमंत्री के रूप में जिम्मेदारी संभालने के बाद शुक्रवार को असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थल बटद्रवा थान पहुंचे और वहां दर्शन-पूजन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि असम विधानसभा का बजट सत्र जुलाई महीने में आयोजित किया जाएगा, जिसमें आगामी पांच वर्षों के विकास की रूपरेखा तैयार की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की जनता से मिले सुझावों को बजट में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि असम की जनता ने सरकार से काफी उम्मीदें लगा रखी हैं और सरकार जनता के प्रति पूरी तरह जवाबदेह है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य के बेदखल किए गए सत्रों की भूमि को पुनः मुक्त कराने के लिए सत्र आयोग पहले की तरह कार्य करता रहेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वह स्वयं सत्र आयोग के साथ लगातार संपर्क में रहेंगे और इस अभियान को आगे बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने भाजपा नीत गठबंधन को मिले प्रचंड जनादेश का उल्लेख करते हुए कहा कि 102 सीटों के समर्थन से सरकार का गठन हुआ है, इसलिए सरकार की जिम्मेदारियां भी पहले से कहीं अधिक बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि असमवासियों की अपेक्षाएं और आकांक्षाएं बहुत बड़ी हैं तथा सरकार उन उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेगी।

## हिमंत की वजह से असम के लोग खुद को सुरक्षित महसूस करते हैं : सत्राधिकार




**गुवाहाटी ( हिंस )।** आउनीआटी सत्र के सत्राधिकार श्री श्री पीतांबर देव गोस्वामी ने आज कहा कि डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में असम का प्रत्येक खिलंजिया (लोकल) स्वयं को सुरक्षित महसूस करता है। उन्होंने आज मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने राज्य के खिलंजिया लोगों, वैष्णव सत्र-संस्कृति तथा असम की परंपरा और सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए निरंतर कार्य किया है। संवेदनशील मुद्दों पर मुख्यमंत्री की स्पष्ट और दृढ़ भूमिका के कारण राज्य के लोगों में सुरक्षा और विश्वास की भावना मजबूत हुई है। सत्राधिकार ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी पांच वर्षों में भी मुख्यमंत्री सत्र-संस्कृति, धार्मिक संस्थानों तथा असम की सांस्कृतिक पहचान की सुरक्षा के लिए और अधिक सक्रियता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की।

## अमीनगांव में 21 करोड़ 36 लाख रुपए के नशीले पदार्थ जब्त, पांच गिरफ्तार



**रंगिया ( विभास )।** कामरूप जिले के अमीनगांव में एक बड़ी पूछताछी कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कुल 21 करोड़ 36 लाख रुपए कीमत के नशीले पदार्थ जब्त किए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कल्याण कुमार पाठक के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में 197 साबुन के डिब्बों से 2 किलो 561 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। वहीं, छिपाकर रखे गए एक चेम्बर (कक्ष) से 8 किलो अफीम भी जब्त की गई है। पुलिस ने मामले में मणिपुर के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है-आब्दुल लतीफ, ताहेर अली, मोहम्मद इस्लामउद्दिन, लतीब अली और आजमेर हाकिम। आरोपियों पर नशीले पदार्थों की तस्करी और वितरण में संलिप्तता का संदेह जताया गया है। घटनास्थल पर मौजूद सुराग और गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है। अधिकारी तस्करी के नेटवर्क तथा आपूर्ति श्रृंखला का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बटद्रवा थान प्रबंधन समिति के साथ बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री शर्मा

**नगांव ( हिंस )।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद शुक्रवार को महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थल बटद्रवा थान का दौरा किया। पारंपरिक परिधान धारण कर मुख्यमंत्री ने कीर्तनघर में शराई अर्पित की तथा भक्त वैष्णवों का आशीर्वाद लिया। इसके बाद बटद्रवा थान के नाटघर में बटद्रवा थान प्रबंधन समिति की ओर से मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया गया। समिति के अध्यक्ष अम्लान ज्योति देव गोस्वामी, उपाध्यक्ष योगेंद्र नारायण देव महंत, कार्यकारी अध्यक्ष गोबिन चंद्र दास सहित अन्य सदस्यों



ने उनका स्वागत किया। स्थानीय दलों और संगठनों की ओर से भी मुख्यमंत्री को सम्मानित किया गया। भक्त वैष्णवों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बटद्रवा थान को विश्व स्तरीय धार्मिक विरासत स्थल के रूप में विकसित करने के लिए सरकार निरंतर कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव ने जिस असम की कल्पना की थी, सरकार उसी असम के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। इस बीच मुख्यमंत्री ने बटद्रवा थान प्रबंधन समिति के कार्यालय में समिति के सदस्यों के साथ बैठक भी की। बैठक के दौरान समिति के महासचिव लचित बरदलै ने शलगुरी सत्र और नरोवा सत्र को जोड़ने वाली संकरी सड़क के कारण उत्पन्न हो रही यातायात समस्या, थान परिसर में पेयजल संकट, जल निकासी व्यवस्था की कमी तथा दौल मंदिर और सतीराधिका स्मृति क्षेत्र के विकास की आवश्यकता जैसे मुद्दों को मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया। मुख्यमंत्री ने समिति को आश्वस्त किया कि इन सभी समस्याओं के समाधान और विकास कार्यों को शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

## विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर के रूप में चंद्रमोहन पटवारी ने ली शपथ



**गुवाहाटी ( हिंस )।** भाजपा विधायक तथा पूर्व मंत्री चंद्रमोहन पटवारी ने शुक्रवार को असम विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर के रूप में शपथ ली। आगामी 22 मई से आयोजित होने वाले विधानसभा के विशेष सत्र को लेकर राज्यपाल ने उन्हें शपथ दिलाई। इससे पहले, असम लेजिस्लेटिव असेंबली (एएलए) के सचिव दुलाल पेगू ने कार्रवाई शुरू करने के लिए राज्यपाल से अनुमति मांगी। गुवाहाटी के असम लोक भवन में आयोजित एक औपचारिक कार्यक्रम में राज्यपाल ने पटवारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नए विधानसभा अध्यक्ष के निर्वाचन तक वे सदन की कार्रवाई का संचालन करेंगे। उल्लेखनीय है कि 22 मई से शुरू होने वाले विधानसभा के विशेष सत्र में नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी तथा सदन की अन्य महत्वपूर्ण प्रक्रियाएं भी पूरी की जाएंगी।

## मॉक ड्रिल: जोरहाट में बम जैसी आवाज से मचा हड़कंप, अचानक बज उठा सायरन

**जोरहाट ( हिंस )।** जोरहाट के नेहरू पार्क चारिआली इलाके बीती रात को अचानक सायरन बजने और बम जैसी आवाज सुनाई देने से लोगों के बीच कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि बाद में पता चला कि यह भारतीय वायु सेना और असैनिक सुरक्षा विभाग द्वारा आयोजित एक मॉक ड्रिल का हिस्सा था। यह अभ्यास युद्ध जैसी स्थिति में हवाई हमले के दौरान आपात परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से विभिन्न आपदा एवं राहत एजेंसियों के बीच समन्वय और त्वरित कार्रवाई की क्षमता का प्रदर्शन किया गया। अभ्यास के दौरान चिकित्सा सेवाओं, अग्निशमन विभाग तथा बचाव दलों ने यह प्रदर्शित किया कि युद्ध की स्थिति में घायल लोगों का उपचार, आग पर काबू पाने और आम नागरिकों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने का कार्य किस प्रकार किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य लोगों में जागरूकता पैदा करना तथा आपातकालीन परिस्थितियों में विभिन्न विभागों को प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए प्रशिक्षित करना है।

# रंगिया रेलवे हाई स्कूल में बोहागी विदाई समारोह आयोजित



**रंगिया ( विभास )।** रंगिया के अग्रणी रेलवे हाई स्कूल प्रांगण में शुक्रवार को बोहागी विदाई उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। पूरा स्कूल परिसर पारंपरिक बिहू के रंगों से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के अध्यक्ष तापस सम्मादार द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। इस अवसर पर असम के प्रख्यात कलाकार जुबिन गर्ग की तस्वीर के समक्ष श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उपस्थित लोगों ने उनके लोकप्रिय गीत *मायाबिनी* का सामूहिक गायन कर उन्हें नमन किया। उत्सव के दौरान मंच पर असमिया लोक संस्कृति की अनोखी छटा देखने को मिली। छात्र-छात्राओं और अध्यापक-अध्यापिकाओं ने पारंपरिक बिहू नृत्य, बिहू गीत और झुमुर नृत्य प्रस्तुत किए। इस अवसर पर रितम पाल, धनश्री चौमुआ, अलका दास, विजय लक्ष्मी सिंग, पारोमिता सिंह, विकास तालुकदार, गुनगुन सैकिया, सुरंजित कलिता, हीरक ज्योति नाथ, सुलेखा बोरो, चिंकी बरुवा और हीरक ज्योति बरुवा सहित कई शिक्षकों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक भगीरथ नाथ, शिक्षा अधिकारी सीआरसीसी कार्तिक नाथ, सेवानिवृत्त शिक्षक रणजीत सिन्हा, रंगिया शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र तथा बुनियादी प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षार्थी, कई अभिभावक और स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। स्कूल प्रबंधन द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम काफी सराहनीय रहा।

## भारतीय सेना ने अरुणाचल प्रदेश में सैनिकों के लिए नई पारगमन सुविधा का उद्घाटन किया

**ईटानगर।** भारतीय सेना ने शुक्रवार को अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी सियांग जिले में स्थित सिगार सैन्य स्टेशन में सैनिकों के लिए एक नई पारगमन सुविधा का उद्घाटन किया, जिसका उद्देश्य परिचालन तैयारियों को मजबूत करना और अग्रिम क्षेत्रों में तैनात कर्मियों के कल्याण में सुधार करना है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस सुविधा की स्थापना स्पीयरहेड डिवीजन के तत्वावधान में स्पीयरहेड गनर्स द्वारा दूरस्थ परिचालन स्थलों पर आने-जाने वाले सैनिकों के लिए एक आरामदायक पारगमन पड़ाव के रूप में की गई है। *आशियाना* नाम की इस परिवहन सुविधा को आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है, जिसका उद्देश्य रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण और दुर्गम इलाकों में तैनात सैनिकों के लिए आराम और सुविधा सुनिश्चित करना है। अधिकारियों ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में तैनात सैनिकों के मनोबल, स्वास्थ्य और कार्यक्षमता को बढ़ाना है। उद्घाटन समारोह में उपस्थित वरिष्ठ सेना अधिकारियों ने परिचालन प्रभावशीलता बढ़ाने और सैनिकों को अधिक आत्मविश्वास के साथ अपने कर्तव्र्त यों का निर्वहन करने में सक्षम बनाने के लिए मजबूत रसद और सहायता अवसंरचना के महत्व पर प्रकाश डाला। भारतीय सेना के स्पीयर कोर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि स्पीयर कोर के अंतर्गत स्पीयरहेड डिवीजन ने सिगार मिलिट्री स्टेशन पर *आशियाना* ट्रांजिट सुविधा का उद्घाटन किया। यह सुविधा ट्रांजिट में सैनिकों के लिए एक आरामदायक पड़ाव प्रदान करती है, जो चुनौतीपूर्ण भूभाग में परिचालन तत्परता, मनोबल और कल्याण पर ध्यान केंद्रित करने को दर्शाती है।

## मठघरिया के भयावह दुर्घटना के आरोपी शमिम को मिली जमानत

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी के मठघरिया इलाके में बीते 25 अप्रैल, 2026 को हुए भयावह सड़क दुर्घटना के मुख्य आरोपी शमिम अहमद को अदालत से जमानत मिल गई है। इस दर्दनाक हादसे में तीन युवतियों की मौके पर ही मौत हो गई थी। दुर्घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था, जिसके बाद पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की थी। घटना के 48 घंटे बाद उसे डिब्रूगढ़ जिले से गिरफ्तार किया गया था। जांच के दौरान सामने आया कि हादसे से पहले शमिम अहमद ने गुवाहाटी के एक बार में देर रात तक पार्टी की थी। बताया गया है कि वह रात करीब तीन बजे तक तीन युवतियों के साथ मौजूद था और इस दौरान लगभग 19 हजार रुपए की शराब की पार्टी की गई थी। दुर्घटना के बाद पूरे इलाके में भारी आक्रोश देखने को मिला था। घटना ने सड़क सुरक्षा और नशे में वाहन चलाने को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए थे। पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुटी हुई है।

## प्रख्यात शिक्षाविद गोलोक चंद्र नाथ का निधन



**नगांव ( निसं )।** नगांव शहर के समीप स्थित खुटिकटिया निवासी प्रख्यात समाजसेवी, लेखक-साहित्यकार एवं शिक्षाविद गोलोक चंद्र नाथ का आज तड़के उनके आवास पर वृद्धावस्था संबंधी कारणों से निधन हो गया। निधन के समय उनकी आयु 93 वर्ष थी। गोलोक चंद्र नाथ ने *निगम कल्पतरु और तत्त्व दर्शन*, भागवत का *आंशिक तत्त्व निरूपण*, *अमेरिका की नाना बातें*, *एरिओहा दिनर सुवास* सहित छह पुस्तकों की रचना की थी। वे असम साहित्य सभा के आजीवन सदस्य भी थे। उनका जन्म रोहा के पहुपुरी गांव में हुआ था। दीघलदरी काकतिगांव हाईस्कूल के संस्थापक नाथ अपने जन्मस्थान के विभिन्न सार्वजनिक संस्थानों के प्रमुख प्रेरणास्त्रोतों में से एक थे। उनके निधन पर असम साहित्य सभा के प्रधान सचिव देबजीत बोरा सहित विभिन्न संगठनों, सामाजिक संस्थाओं तथा परिजनों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। वे अपने पीछे तीन पुत्र, तीन बहुएं, दो पुत्रियां, दो दामाद और दस नाती-पोतों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उल्लेखनीय है कि उनके कनिष्ठ पुत्र हेमांग रंजन नाथ और सबसे छोटी पुत्री ज्योतिश्री देवी वर्तमान में अमेरिका में कार्यरत हैं।

## कछार जिले में तीन करोड़ की याबा टैबलेट बरामद, एक गिरफ्तार



**सिलचर ( हिंस )।** असम के कछार जिले में नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने बड़ी सफलता हासिल की है। शुक्रवार को करीब तीन करोड़ रुपए की संदिग्ध याबा टैबलेट जब्त करते हुए एक ऑटो चालक को गिरफ्तार किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए अधिकारियों ने कबुगंज की ओर से पानीभोरा की तरफ जा रहे ऑटो रिक्शा संख्या एएस 11 सीसी 4449 को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन से कुल 10 हजार संदिग्ध याबा टैबलेट बरामद की गई। बरामद नशीले पदार्थ के साथ पकड़े गए चालक की पहचान हीरामोनी चौधरी के रूप में हुई है, जो हैदोर बाजार और कछुदाराम थाना क्षेत्र का निवासी बताया गया है। अधिकारियों ने बताया कि बरामद टैबलेट की जांच ड्रग डिटेक्शन किट (डीडीके) से की गई, जिसमें परिणाम पॉजिटिव पाया गया। जब्त की गई संदिग्ध याबा टैबलेट की अनुमानित बाजार कीमत करीब तीन करोड़ रुपए आंकी गई है। इस संबंध में आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। साथ ही मामले से जुड़े अन्य तस्करी नेटवर्क का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

## पूसीरे का जलवायु परिवर्तन पर विशेष जोर

**गुवाहाटी ( हिंस )।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पूसीरे) द्वारा 15 मई से 5 जून तक अपने सभी मंडलों और इकाइयों में जागरूकता कार्यक्रमों और पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों की एक श्रृंखला के माध्यम से विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाएगा। इस वर्ष के आयोजन का विषय जलवायु परिवर्तन रखा गया है, जो पर्यावरण संरक्षण, सुदृढ़ पद्धतियों और भविष्य की पीढ़ियों के लिए इस ग्रह की रक्षा करने की सामूहिक जिम्मेदारी के महत्व को रेखांकित करेगा। पूसीरे के सीपीआरओ कपिंजल किशोर शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य रेल कर्मचारियों, यात्रियों और आम जनता के बीच पर्यावरणीय स्थिरता, स्वच्छता और संरक्षण जागरूकता को बढ़ावा देना है। इस अवधि के दौरान पूरे एनएफआर नेटवर्क में पौधारोपण अभियान, स्वच्छता अभियान, जागरूकता रैलियां, सेमिनार और पर्यावरण-अनुकूल पहलों सहित



विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, रेलवे स्टेशनों और कॉलोनियों में स्वच्छता बनाए रखने, जल संरक्षण और रेलवे परिचालन में हरित कार्यों को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जाएगा। रेल अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्रों और सामाजिक संगठनों से इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने की उम्मीद की जाती है। कार्यक्रमों में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को प्रोत्साहित करने के लिए स्टेशनों, रेल कॉलोनियों, कार्यालयों, कारखानों और अन्य रेल परिसरों में बड़े पैमाने पर पौधारोपण अभियान चलाए जाएंगे। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने निरंतर विभिन्न पर्यावरण-अनुकूल उपाय किए हैं और पूर्वोत्तर क्षेत्र में सतत तथा पर्यावरण-अनुकूल रेलवे संचालन के प्रति प्रतिबद्ध है। यह आयोजन 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पूसीरे के सभी मंडलों में विशेष कार्यक्रमों, जागरूकता गतिविधियों और पर्यावरण शपथ ग्रहण के साथ संपन्न होगा।


অসম লোকসেৱা আয়োগ
**ASSAM PUBLIC SERVICE COMMISSION**
Jawaharnagar, Khanapara, Guwahati-781022.

No.68PSC/CON/Exam-03/2026-2027

**RESULT**

The Assam Public Service Commission hereby declares today, the 15th May, 2026, the results of the recruitment to the posts of **1) Lecturer (English) in College of Teacher Education (C.T.E.) and 2) Lecturer (Science) in College of Teacher Education (C.T.E.) under the Diroctorate of SCERT, Assam** advertised vide no.18/2024 Dated 06/09/2024.

The interviews for the said posts were conducted by the Commission in collaboration with Experts deputed by the Govt. of Assam on 14th & 15th May, 2026. The Commission recommended the following candidates for the said posts, in order of merit:

1. **NAME OF POST : Lecturer (English), in College of Teacher Education (C.T.E.)**
**Total no. of post : 2** (RFW : 1)
**Break-up :** OC: 2 (RFW: 1)

| Postion | Roll No. | Name of Candidate | Category | Gender | Recommended against Vacancy |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30020 | PROTYUSH GOGOI | OBC | M | OPEN CATEGORY |
| 2 | 30019 | PRARTHANA BORAH | OBC | F | OPEN CATEGORY |

2. **NAME OF POST : Lecturer (Science), in College of Teacher Education (C.T.E.)**
**Total no. of post : 1** (RFW : Nil)
**Break-up :** OC: 1

| Postion | Roll No. | Name of Candidate | Category | Gender | Recommended against Vacancy |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 80018 | NIBEDAN PATHAK | GEN | M | OPEN CATEGORY |

● Results may be accessed through the APSC's website www.apsc.nic.in

Principal Controller of Examinations,
Assam Public Service Commission,
Jawaharnagar, Khanapara, Guwahati-22

*-- DIPR /D/VBS-16/16-May-26*

## इस बारिश सेहत का कुछ ऐसे रखें ख्याल

गर्मी के मौसम के तुरंत बाद बारिश का मौसम आना जैसे बंजर जमीं पर पानी की बूंद गिरने जैसा होता है। गर्मी के बाद बारिश सबको अजीब सा सुकून देता है। बारिश में लोग भीगना पसंद है। मगर ज्यादा तर बीमारियां बारिश के आने के बाद आती हैं। तो किस तरह से इस बारिश के मौसम में रखें अपने सेहत का ख्याल आपको बतातें हैं। देश में जहां कई जगहों पर बारिश शुरू हो चुकी है वहीं कई कोनो में लोग अभी बेसब्री से बारिश का इंतजार कर रहे हैं। तो इस तरह से सभी को मानसून एन्जॉय करने के साथ इसके साथ आने वाली बीमारियों का भी ख्याल रखना चाहिए। क्यों की मानसून जरूर ठंडक लाता है मगर साथ में वह अपने बहुत सारी बीमारियां भी लाता है।

**खानपान का रखें ध्यान:** बारिश के दिनों में बाहर का खाना सबको बहुत अच्छा लगता है मगर वहीं खाना पेट की बिमारियों को जन्म देता है। बारिश में गलत खाना खाने से पीलिया, मलेरिया, टायफाइड, पेट व आंतों संबंधी बीमारियां, खांसी, जुकाम, जोड़ों में दर्द, त्वचा में इंफेव?शन, बुखार और फ्लू जैसी सकती है। इस तरह से इस बारिश जो भी आप खाते है उसे अपनी सेहत के अनुसार खाएं।

## तुलसी और कड़ी पत्ते का प्राकृतिक क्लींजर

कड़ी पत्ते और तुलसी दोनों में एंटी-आक्सीडेंट होते हैं। जो आपकी त्वचा को इंफेक्शन और मुंहासों से बचाते हैं। साथ ही यह आपकी त्वचा को कोमल व नर्म बनाने के साथ पिग्मेंटशन (झांइयों) और झुरियों को कम करने में मदद करता है। इसके अलावा इसमें एंटी-इंफलेमेटरी और मॉश्चराइजिंग गुण भी होते हैं जिसे त्वचा पर लगाने से त्वचा में निखार आने लगता है।



# रेड बर्थमार्क के कारण, निदान और इलाज



**बर्थमार्क्स** यानी जन्मजात निशान त्वचा पर मौजूद बदरंग निशान होते हैं। कई नवजात शिशुओं में लाल अथवा कुछ अन्य प्रकार के निशान होते हैं। आमतौर पर ये निशान जन्म के कुछ सप्ताहों के भीतर ही नजर आ जाते हैं। ये निशान त्वचा के करीब मौजूद रक्त वाहिनियों द्वारा बनते हैं। इन निशानों के बनने की बड़ी वजह त्वचा में पिग्मेंटशन के कारण रक्तवाहिनियों का अधिक निर्माण होता है।

### कारण

आमतौर पर इन निशानों का मुख्य कारण किसी को नहीं पता। और साथ ही इन निशानों को होने से रोकने के लिए ही कुछ किया जा सकता है। बर्थमार्क्स के कारकों के बारे में भले ही अधिक जानकारी न हो, लेकिन इतना तो साफ है कि वाहिकीय समस्याओं से होने वाले बर्थमार्क्स अनुवांशिक नहीं होते। जानकार मानते हैं कि इसके पीछे त्वचा कोशिकाओं को प्रभावित करने वाले स्थानिक कारण अधिक उत्तरदायी होते हैं।

### पोर्ट वाइन स्टेन

इन निशानों की मुख्य वजह रक्तवाहिनियों की चौड़ाई निर्धारित करने वाली प्रक्रिया में असंतुलन का होना है। परिणामस्वरूप, इस क्षेत्र में निरंतर प्रवाहित होने वाला रक्त लाल अथवा बैंगनी हो जाता है। पोर्ट वाइन स्टेन इसके अलावा स्ट्रग-वेबर-सिंड्रोम और क्लिपल ट्रेनायूने सिंड्रोम के कारण भी हो सकता है।

### निदान

रेड बर्थमार्क्स के निदान की प्रक्रिया इस बात पर निर्भर करती है कि आखिर ये निशान नजर कैसे आते हैं। डॉक्टर इनका इलाज करने से पहले इनकी अच्छी तरह जांच करते हैं। बर्थमार्क्स की गहरी जांच करने के लिए डॉक्टर बॉयोप्सी, सीटी स्कैन और एमआरआई भी करने की सलाह दे सकता है।

### इलाज

अधिकतर बर्थमार्क्स किसी प्रकार की परेशानी खड़ी नहीं करते और उन्हें किसी इलाज की जरूरत नही होती। हालांकि, कुछ रेड बर्थमार्क्स से परेशानी हो सकती है। कुछ निशान तो कैंसर का रूप भी ले सकते हैं। रेड बर्थमार्क्स बच्चे के थोड़ा बड़े होने के साथ ही गायब भी हो जाते हैं। बहुत कम निशान ही रक्तवाहिनियों के ट्यूमर में परिवर्तित हो सकते हैं। इन्हें हेमेन्गिओमस कहा जाता है। कुछ निशान ऐसे भी होते हैं, जो ठीक नहीं होते और स्थाई रूप से साथ रहते हैं।

हेमेन्गिओमस को इलाज करवाने की जरूरत तब पड़ती है, जब इनका असर आपके लुक पर पड़ता हो। इसके साथ ही अगर इससे आपको भावनात्मक तनाव अथवा दर्द होता हो, तो भी आपको इसका इलाज करवाना चाहिए। इतना ही नहीं अगर हेमेन्गिओमस के आकार, स्वरूप अथवा रंग में किसी प्रकार के बदलाव का आभास होने पर भी इलाज करवाया जाना चाहिए। हेमेन्गिओमस यदि बच्चे की आंख के करीब हो, तो उसका इलाज जरूर करवाना चाहिए, क्योंकि इसका असर उसके देखने की क्षमता पर पड़ सकता है।

बर्थमाक्स के आकार पर निर्भर करता है कि इसके इलाज में किस प्रकार की इलाज पद्धति को अपनाया जाए। इसके लिए लेजर ट्रीटमेंट से लेकर कॉस्मेटिक के अन्य तरीके भी आजमाए जा सकते हैं। इसके अलावा बर्थमार्क्स के निशान को छोटा करने क लिए दवाओं अथवा इंजेक्शन का भी प्रयोग किया जा सकता है।

बहुत ही दुर्लभ मामलों में बर्थमार्क्स का संबंध किसी अन्य बीमारी से होता है। लेकिन, कुछ मामलों में देखा गया है कि लिवर, फेफडे, पेट अथवा अंत्राशय की बीमारियों के फलस्वरूप भी बर्थमार्क्स हो सकते हैं। यदि ऐसी कोई समस्या नजर आए, तो आपको डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।


# क्या 30 साल के बाद भी बढ़ सकती है लंबाई?



एक बार हड्डियों के बढ़ना रूकने के बाद, लंबाई को बढ़ने की सीमा तय हो जाती है। फिर लंबाई को बढ़ना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि स्ट्रेचिंग की मदद से अपने पॉश्चर में सुधार कर अपनी लंबाई बढ़ा सकते हैं।

लड़कियों की लंबाई 11.5 वर्ष और लड़कों की लंबाई 13.5 वर्ष तक ही बढ़ती है। डॉक्टर के अनुसार, लड़कों को लड़कियों की तुलना में हड्डियों की ग्रोथ बंद होने से पहले लंबाई बढ़ाने को दो साल का लंबा समय मिलता है। लेकिन वयस्कों में लंबाई बढ़ने के लिए स्ट्रेच एक अच्छा आइडिया है, क्योंकि यह रीढ़ की हड्डी में संकोचन को कम करता है। स्ट्रेचिंग से आपको पॉश्चर में सुधार करने और लंबाई की सीमा बढ़ाने में मदद मिलती है।

### टिप्स



- योग के सही मुद्रा एक योग्य योग प्रशिक्षक की मदद से सीखें।
- कई स्वास्थ्य केन्द्र, योग केंद्र और सामुदायिक कॉलेज योग शिक्षा प्रदान करते हैं।
- लंबाई बढ़ाने का दावा करने वाले प्रोडक्ट के बारे में पूरी जानकारी लें।
- ऐसा कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है कि, सप्लीमेंट की मदद से किसी भी वयस्क की लंबाई को स्थायी रूप से बढ़ाया जा सकता है।

**स्टेप 1**

ताड़ासन को पर्वत योग मुद्रा भी कहते हैं। इस स्ट्रेच योग को करने के लिए सबसे पहले जमीन पर दरी बिछाकर सीधे खड़े हो जाएं। अपने दोनों पैर को आपस में मिलाकर और दोनों हथेलियों को अपने बगल में रखें फिर पूरे शरीर को स्थिर रखें और दोनों पैरों पर अपने शरीर का वजन सामान रखें। उसके बाद दोनों हथेलियों की अंगुलियों को मिलाकर सिर के ऊपर ले जाएं। हथेलियों सीधी रखें और सांस भरते हुए अपने हाथों को ऊपर की ओर खींचिए, जिससे आपके कंधों और चेस्ट में भी स्ट्रेच आएगा। इसके साथ ही पैरों की एड़ी को भी ऊपर उठाए और पैरों की अंगुलियों पर शरीर का संतुलन बनाए रखिए। इस स्थिति में कुछ देर रहें। इस योगाभ्यास करते समय में पूरे शरीर में उपयुक्त रूप से स्ट्रेच महसूस होता है। योग जर्नल वेबसाइट के अनुसार यह मुद्रा आपको रीढ़ की हड्डी को सीधा करने में मदद करती है। सीधा खड़ा होना, गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव का विरोध कर आपकी लंबाई को 30 की उम्र के बाद भी बढ़ता है।

**स्टेप 4**

क्लॉस या होम एक्सरसाइज वीडियो के माध्यम से योग या पिलेट्स करें, जिससे आपके पूरे शरीर का स्ट्रेच हो सके। योग या पिलेट्स को नियमित करने अच्छी मुद्रा को एक आदत बनाने में मदद मिलती है और मसल्स को मजबूती मिलती है जिससे आपकी रीढ़ और अंगों को उचित एलाइनमेंट मिलती है। नियमित रूप से स्ट्रेचिंग रीढ़ की हड्डी पर संकोचन को कम करने में मदद करता है जिससे आप 30 साल की उम्र के बाद भी लंबाई बढ़ा सकते है। हालांकि इस बात के कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है।



**स्टेप 2**

भुजंगासान को कोबारा पोज भी कहते हैं। इस आसान में चेहरे पर स्ट्रेच महसूस करते हुए अपनी उंगालियों को कंधों की तरफ और कोहनी को अपनी साइट में रखते हैं। साथ ही अपने शरीर के निचले हिस्से पर दबाव बनाए रखते हैं। अपनी बाहों को सीधा रखते हुए शरीर के ऊपरी हिस्से को ऊपर की तरफ और निचले हिस्से को जमीन पर रखते हैं। ऊपरी हिस्से को तब तक ही उठाते हैं, जितना की आप आराम से उठा सकें। अपनी रीढ़ में स्ट्रेच महसूस करें। सांस छोड़ते और 15 की गिनती करते हुए धीरे-धीरे अपने ऊपरी हिस्से को नीचे लाएं। इससे आपके चेस्ट और पेट की मसल्स में स्ट्रेच होगा। इसको नियमित करने से लंबाई बढाई जा सकती है। इस मुद्रा को नियमित रूप से करने लंबाई बढ़ाने में मदद मिलती है क्योंकि इससे आप बैठते, उठते और खड़े होते समय रीढ़ की हड्डी लंबा बनाये रखने में मदद मिलती है।

**स्टेप 3**



शॉवर लेने के बाद भी नियमित रूप से स्ट्रेच करें क्योंकि इस समय आपकी मसल्स गर्म होती है। पांच मिनट एक ही जगह चलने के बाद धीरे-धीरे अपने दोनों हाथों को हिलाएं और पैरों को ढीला छोड़कर तनाव को रिलीज करें। फिर एक समय में एक हाथ को ऊपर की तरफ स्ट्रेच करें। अब अपने पैर की उंगलियों से लेकर हिप्स और कंधे तक बॉडी की एक साइड को स्ट्रेच करें। फिर दूसरी तरफ से ऐसा ही करें और तीन से पांच बार दोहराएं।



# स्किन के लिए वरदान है एक कप चाय



**ज्यादातर** हम सभी के दिन की शुरूआत एक कप चाय से होती है। चाय से थकान दूर होती है और ताजगी आ जाती है। दिन भर की थकान को दूर करने के लिए भी एक कप चाय मिल जाए तो क्या ही बात। लेकिन अक्सर चाय और कॉफी को सेहत के लिए नुकसानदायक माना जाता है। कहा जाता है ज्यादा चाय पीने से काले हो जाते हैं, लेकिन ये सही नहीं है। चाय स्वास्थ्यवर्धक भी होती है। ये आपको ताजगी देने के साथ-साथ खूबसूरती बढ़ाने में भी मदद करती है, क्योंकि इसमें प्रचुर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं।

### स्किन बनाए हेल्दी

हेल्दी स्किन यानी नम त्वचा। शरीर में नमी बनाए रखने के लिए पर्याप्त लिक्विड लेना जरूरी है। इसमें सभी तरह की चाय शामिल हो सकती है, क्योंकि गर्मी के दिनों में शरीर को ज्यादा पानी की जरूरत होती है। लिक्विड लेने से स्किन फ्रेश रहती है और पानी की कमी नहीं होती है।

### ग्रीन टी

अगर आपकी स्किन रूखी और बेजान हो गई है तो ठंडी ग्रीन टी अपने चेहरे पर छिड़कें। ये एक बेहतरीन मॉइस्चराइजर का काम करती है। इससे आपकी स्किन तरोताजा हो जाएगी और चेहरा साफ व ग्लोइंग लगेगा।

### डार्क सर्कल

दरअसल चाय में कैफीन होता है, जो आपके ब्लड वेसल को सिकुड़ने में मदद करता है। नींद पूरी न होने या अन्य कारणों से अगर आप की आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स पड़ गए हैं या सूजन आ गई है तो टी बैग इसे सही करने में आपकी मदद करेगा। उसे फ्रिज में ठंडा होने के लिए रख दें। ठंडा होने पर उसे आंखों के नीचे रखें। इससे आंखों की थकान दूर होती है।

### पैरों की बदबू से छुटकारा

पैरों में बदबू आने पर अगर आप डीओ का इस्तेमाल करती है तो ऐसा न करें। इसके लिए आप उबली हुई ब्लैक टी के मिश्रण में अपने पैर डुबाएं। ये एंटी बैक्टीरियल होती है, जो आपके पैरों में आ रहे पसीने को रोकती है। इससे पैरों में बदबू नहीं आती है।

### बाल बनाए घने

ब्लैक टी बाल गिरने की समस्या से निजात दिलाती है। अगर आप अपने बालों को घना करना चाहती हैं तो उन्हें ब्लैक टी और ग्रीन टी से धोएं। वहीं ग्रीन टी बालों को बढ़ने में मदद करती है। ठंडी की हुई चाय को बालों पर डालें और उसे 10 मिनट तक रखें। इसके बाद अपने बालों को शैंपू और कंडीशनर से धो लें।



## तकनीकी दक्षता कौशल ही नहीं बल्कि एक जरूरत

# ...तो कितने 'टैक स्मार्ट' हैं आप

*आज की दुनिया का हर पहलू तेजी से इंटरनेट से जुड़ता जा रहा है। सोशल नैटवर्किंग वेबसाइट्स की लोकप्रियता भी इनमें शामिल हो चुकी है। ऐसे में कंपनियों का आधुनिक तकनीकों तथा रुझानों से भली प्रकार अवगत कर्मचारियों की तलाश करना स्वाभाविक हो गया है।*

### ऐसे कर्मचारियों को अधिक महत्व

जानकार कहते हैं कि इन दिनों संस्थान तकनीकी रूप से सक्षम कर्मचारियों का महत्व समझते हैं और वे अपने यहां नियुक्तियों के लिए आवेदन करने वाले कर्मचारियों में संबंधित कौशल की अपेक्षा भी रखते हैं। कंपनियां मानती हैं कि कर्मचारियों में तकनीकी समझ को ग्रहण करने की कुदरती खूबी होनी चाहिए तभी वे भविष्य में कंपनी में या कामकाज में होने वाले तकनीकी विकास के साथ कदम से कदम मिला कर कम्पनी के हित में कार्य कर सकेंगे। वैसे भी हर कंपनी अपनी प्रतियोगी कंपनी से आगे रहने की कोशिश करती है, जिसके लिए उसके कर्मचारियों में गहन तकनीकी ज्ञान होना अनिवार्य हो जाता है। इतना ही नहीं, बहुराष्ट्रीय कंपनियों में तो यह कौशल और भी जरूरी है।



### बेहतर ढंग से दे सकते हैं अंजाम...

आज के दौर में तकनीकी दक्षता कौशल ही नहीं, एक जरूरत बन चुकी है। यह भी माना जाता है कि आज के दौर में अच्छा प्रदर्शन तथा करियर में तरक्की के लिए तकनीकी दक्षता बेहद महत्वपूर्ण है। तकनीकी रूप से सक्षम व्यक्ति अपने काम को और अधिक बेहतर ढंग से अंजाम दे सकता है जो उसके साथ-साथ कम्पनी के लिए भी लाभदायक स्थिति साबित होती है। यह सवाल भी उठ सकता है कि भला कोई कंपनी किस तरह से किसी के टीएसक्यू का आकलन लगा सकती है। इसके लिए इंटरव्यू के दौरान पूछे जाने वाले सवालों से ही प्रार्थी की तकनीकी दक्षता तथा तकनीकों से उसके लगाव के बारे में काफी कुछ पता चल सकता है। अंत में निष्कर्ष यही निकलता है कि आज के प्रतियोगी दौर में सफल होना है तो युवाओं को नवीनतम तकनीक के प्रति सजग रहते हुए अपने 'टैक-स्मार्ट क्वोशन्ट' को उम्दा बनाए रखना चाहिए।

# ब्रेन फूड बनाएगा आपके दिमाग को और तेज

*आमतौर पर हमेशा हमारा जोर ऐसे खाने पर रहता है, जिससे हम अपने दिमाग को और भी तेज बना सकें। ऐसे में हम ड्राई फ्रूट्स खाने पर ज्यादा जोर देते हैं। इसके अलावा दूध का भी लोग खूब इस्तेमाल करते हैं। मगर शायद आपको नहीं मालूम कि दिमाग के लिए सबसे ज्यादा फायदेमंद कौन सी चीज होती है? तो आइए आज हम आपको बताते है उस ब्रेन फूड के बारे में, जिससे आप अपने दिमाग को और भी तेज बना सकते हैं।*



### डीजेनरेशन को कम करता है

यदि भोजन की दिखावट और यह शरीर के लिए क्या करता है, इन दोनों में कोई संबंध है तो अखरोट जिसे ब्रेन फूड कहा जाता है, वह इस मामले में सबसे पहले आता है। विशेषज्ञों के अनुसार मानवीय दिमाग को उच्च क्वालिटी फैट्स जैसे ओमेगा थ्री फैटी एसिड्स की जरूरत होती है ताकि यह सही ढंग से काम कर सके। अखरोट में नाड़ी-तंत्र की रक्षा करने वाले कई यौगिक शामिल होते हैं जैसे विटामिन ई, फोलेट, मैलाटोनिन, ओमेगा-3 फैटी एसिड्स तथा एंटी ऑक्सीडेंट्स। यह सब उम्र बढ़ने के साथ-साथ कोग्नीटिव लाइन की डीजेनरेशन को कम करने के लिए जाने जाते हैं।

### बढ़ाता है मैलाटोनिन का स्तर

इनके साथ ही मैगनीका, कॉपर, आयरन, फास्फोरस, मैगनीशियम तथा कैल्शियम भी अखरोटों में पाए जाते हैं जो रक्त में मैलाटोनिन के स्तर को बढ़ाने में सहायक होते हैं। मैलाटोनिन का स्तर शरीर में निद्रा को नियंत्रित करने वाले हार्मोन्स का मुख्य कारक है। अच्छी नींद यकीनन अच्छे स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। इस बारे में जानकार कहते हैं। अधिकतर मेवों की तरह अखरोट कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम करने तथा हृदय के स्वास्थ्य को सुधारने में सहायक होता है। प्रतिदिन 3 या 4 अखरोटों का सेवन आपके शरीर के लिए बहुत जरूरी है। इन्हें रात भर भिगो कर रखा जाए और फिर इनका सेवन किया जाए।

## रेसिपी

# मैंगो केक



### आइए बनाएं कुकर में मैंगो केक

अब आम का सीजन है तो मैंगो केक खाने का मन तो करेगा ही। पर लाइट नहीं आ रही ओवन कैसे चलेगा। ओफ्हो परेशानी क्या है हम बताते हैं कैसे बनाएं प्रेशर कुकर में मैंगो केक।

### सामग्री

एक बड़ा प्रेशर कूकर जिसमें बेकिंग पैन समा जाए, एक बेकिंग पैन, 1 बटर पेपर, मैदा 1 कप, आम की प्यूरी आधा कप सा फिर एक टेबल स्पून मैंगो सीरप, कन्डेन्स्ड मिल्क 1/2 कप, पाउडर चीनी आधा कप, दूध आधा कप, मक्खन 1/3 कप, काजू कटे हुए 2 टेबल स्पून, किशमिश 2 टेबल स्पून, बेकिंग पाउडर1छोटी चम्मच, बेकिंग सोडा 1/4 छोटी चम्मच, आप आम को काट कर उसका पल्प निकाल कर और उसे फैंट कर भी प्यूरी बना सकते हैं।

### विधि

मैदा में बेकिंग पाउडर और बेकिंग सोडा डालकर मिक्स कर लीजिए और 2 बार अच्छी तरह छान लीजिए। दूसरे बड़े प्याले में मक्खन, आम का पल्प/प्यूरी और कन्डेन्स्ड मिल्क डालकर अच्छी तरह फैंट कर मिक्स कर दीजिए, पाउडर चीनी मिलाकर और अच्छी तरह मिक्स कर लीजिए। काजू और किशमिश के डंठल हटाकर कपड़े से पोंछ लीजिए। जिस कन्टेनर में केक बेक उसमें बटर या घी लगाकर चिकना कर लीजिए। बटर पेपर बर्तन के तले के आकार का काट लीजिए और तले में पेपर डालकर उसके ऊपर भी थोड़ा बटर डालकर चिकना कर लीजिए। आम का पल्प, कन्डेन्स्ड मिल्क में मैदा और बेकिंग पाउडर मिश्रण को डालकर अच्छी तरह गुठलियां खत्म होने तक मिलाइए। मिश्रण में दूध भी अच्छी तरह मिला दीजिए। काजू और किशमिश भी मिला दीजिए। ग्रीज किया हुआ केक कन्टेनर लीजिए। इसमें बर्तन में थोड़ा घी डालिए। फिर थोड़ी सी मैदा डालकर बर्तन को इस तरह हिलाइए कि उसके ऊपर पतली सी मैदा की परत बन जाए। उसमें मिश्रण डालिए और खटखटा कर एक सार कर लीजिए। अब क्योंकि कुकर में केक बनाने के लिए केक कन्टेनर का तला कुकर के तले से नहीं लगना चाहिए नहीं तो केक नीचे से जल सकता है। इसके लिए कुकर के अन्दर तले में एक कटोरी नमक फैला देते है। नमक गरम होकर ओवन की तरह तापमान भी बनाए रखता है। कुकर के अन्दर एक कटोरी नमक डालने के बाद इसे तेज आग पर दो मिनट के लिए रख दीजिए और केक कन्टेनर को पहले से गरम किए हुए कुकर में रखिए। कुकर के ऊपर ढक्कन लगाकर बन्द कर दीजिए। ढक्कन पर सीटी मत लगाइए। केक को बिल्कुल धीमी आग पर 40-50 मिनट तक पकाइए। इसके बाद केक को चैक कर लीजिए। केक के अन्दर चाकू डालने से मिश्रण चाकू पर लग कर आ रहा है तो केक को और बेक कीजिए। कुछ देर बाद दोबारा टैस्ट कीजिए केक में चाकू गड़ा कर देखिए यदि चाकू से केक नहीं चिपकता तो आपका केक बन गया है। कुकर को केक कन्टेनर सहित अच्छी तरह ठंडा होने दीजिए। ठंडा होने पर केक के किनारों से चाकू घुमाकर केक को बर्तन के किनारों से अलग कर लीजिए अब हल्के से ठोक कर केक को प्लेट में निकाल लीजिए। लीजिए आपका प्रेशर कूकर मैंगो केक तैयार है।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : प्रदीप शील ● सहयोगी संपादक : रवि शंकर चौधरी ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**